पंजीयन क्रं. 06/09/01/04737/04

# विचार मासिक पत्रिका

कुल पृष्ठ 24, वर्ष 2, अंक 19 माह – अक्टूबर 2020, मूल्य – निःशुल्क

आपके विकास को समर्पित

॥विचार संस्था॥

(स्थापना वर्ष 2003)



सहकार भारती के मार्गदर्शन में विचार संस्था ने स्वाबलंबन योजना के अंतर्गत गोबर से स्वदेशी उत्पाद बनाने के उत्पाद योजना पर कार्य करना प्रारंभ किया है। इस अवसर पर सहकार भारती की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्रीमति विनीता पांडेय जी, जिला प्रमुख श्रीमती मानवी सिंह जी और रामकुमार जादौन जी को सम्मानित किया गया।

# पदाधिकारी



**कपिल मलैया**
संस्थापक व अध्यक्ष, मो. 9009780020
FB : @KapilMalaiyaOriginal



**सुनीता जैन**
कार्यकारी अध्यक्ष
मो. 9893800638



**आकांक्षा मलैया**
सचिव, मो. 9165422888
FB : @AkankshaMalaiyaOriginal



**विनय मलैया**
कोषाध्यक्ष, मो. 9826023692



**नितिन पटैरिया**
मुख्य संगठक, मो. 9009780042



**अखिलेश समैया**
मीडिया प्रभारी, मो. 9302556222



**हरगोविंद विश्व**
मार्गदर्शक



**राजेश सिंघई**
मार्गदर्शक



**श्रीयॉश जैन**
मार्गदर्शक

**पता - 258/1, आदिनाथ कार्स लिमि. के पीछे, तिलकगंज वार्ड, सागर (म.प्र.) - 470002, हेल्पलाइन नं. 9575737475**

विचार समिति का मासिक प्रकाशन

# विचार मासिक पत्रिका

वर्ष - 2, अंक - 19, अक्टूबर - 2020

## संपादक

**आकांक्षा मलैया**

## प्रबंधक व प्रकाशक

विचार समिति

स्वामित्व

## विचार समिति



258/1, मालगोदाम रोड

तिलकगंज सागर (म.प्र.)

पिन - 470002

Email: sanstha.vichar@gmail.com

Phone: 9575737475



## मुद्रण

तरूण कुमार सिंघई, अरिहंत ऑफसेट

पारस कोल्ड स्टोरेज, बताशा गली,

रामपुरा वार्ड, सागर (म.प्र.)

पिन - 470002


# अनुक्रमणिका

## टॉप स्टोरी :-


1. न्यूज 20 नेटवर्क के कार्यक्रम 'एक चाय आपके साथ' पर आकांक्षा मलैया ........................ 4
2. विचार संस्था ने स्वदेशी उत्पाद निर्माण सामग्री योजना का शुभारंभ किया ....................... 7
3. विचार संस्था द्वारा बनाई हेल्प डेस्क में अभी तक 505 समस्याओं में से 91 प्रतिशत आंकड़ों के साथ 460 मामलों का सफल निदान .................. 9


## विचार संस्था की गतिविधियां :-


1. विचार कोरोना वॉरियर्स ....................................... 11
2. बीएमसी फल दानकर्ता की सूची ......................... 13
3. कमिश्नर की अपील पर आगे आए शहर के समाजसेवी .................................................... 14
4. विचार संस्था द्वारा गणेश विसर्जन सहभागिता ..................................................... 16
5. विचार संस्था ने सभी व्यापारियों से आव्हान किया कि वे अपनी दुकान के सामने फ्लैक्स लगाकर मास्क लगाने की अपील करें ............................ 17
6. विचार संस्था की साप्ताहिक (ऑनलाइन) बैठक.. 19
7. विचार झंडा वंदन कार्यक्रम में झंडा फहराने वालों की सूची ......................................... 21

**मीडिया कवरेज** ........................................ 22

# न्यूज 20 नेटवर्क के कार्यक्रम 'एक चाय आपके साथ' पर आकांक्षा मलैया

**न्यूज 20 नेटवर्क के 'एक चाय आपके साथ' कार्यक्रम में विचार संस्था की सचिव आकांक्षा मलैया का इंटरव्यू लिया गया। चर्चा में रिपोर्टर आदित्य यादव जी द्वारा पूछे गए कुछ प्रमुख प्रश्नों के उत्तर आकांक्षा द्वारा कुछ इस प्रकार दिए गए :-**




रिपोर्टर आदित्य यादव जी आकांक्षा का इंटरव्यू लेते हुए।

**- समाजसेवा की प्रेरणा आपको कैसे मिली।**

समाजसेवा की प्रेरणा मुझे बचपन से ही मेरे पिताजी से मिलती रही। मेरे बाबू जी श्री बालचंद मलैया जी द्वारा बनाई गई सागर की प्रथम प्रसूतिका गृह, स्कूल आदि को भी मैं देखती रही। जिस कारण मुझे इस क्षेत्र में रूची रही। मैंने डेनमार्क जाकर स्टूडेंट एक्सचेंज में भाग लिया। वहां मैंने 11वीं क्लास में 12 देशों के बच्चों के साथ एक माह का कोर्स किया। अंत में मुझे अपने देश के बारे में बताने का मौका मिला तो वहां मैंने 300 लोगों से निवेदन किया कि वे भारत के राष्ट्रगान के लिए एक मिनिट के लिए खड़े होकर सम्मान दें। तब मुझे बहुत गर्व महसूस हुआ और मुझे लगा कि मुझे देश के लिए, समाज के लिए कुछ करना चाहिए।

**- शराब विरोधी अभियान आपने कैसे चलाया।**

समाज में अधिकतर जितने भी अपराध होते हैं नशा की कहीं न कहीं लिंक होती है। इस विषय की गंभीरता को देखते हुए हमने नशा मुक्ति मुहिम चालू की। इस पर हमने लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि नशा कैसे छोड़ें। मोहल्लों के अंदर महिलाओं को जागरूक किया। अभी इस दिशा में बहुत काम बाकी है। तीन गांवों में विचार नशा मुक्ति सफलता से करा चुकी है।

**- महिला सशक्तीकरण के बारे में आप क्या बताना चाहती हैं?**

महिला सशक्तीकरण के लिए मैं महिलाओं से कहना चाहती हूं कि हमें खुद छोटे-छोटे कदम उठाना चाहिए जैसे




**आकांक्षा की दादी मां, माताजी एवं बहन उनके बारे में बताते हुए।**

कि बैंक का कार्य खुद करें, बच्चों की फीस ऑनलाइन भरनी होती है, मोबाइल का रिचार्ज कराना। ऐसे कदम उठाकर आत्मनिर्भर बनें।

**– शिक्षा को लेकर आपके क्या विचार हैं ?**

हम शिक्षा के माध्यम से अपने जीवन को बेहतर बना सकते हैं। शिक्षा केवल स्कूल और किताबों तक सीमित नहीं होती। जैसे कि हम टीवी चालू करते हैं तो टीवी पर सीरियल या फिल्म देखने की जगह न्यूज चैनल चला कर देखें। उसमें आप देखें सरकार की कौन सी नीतिया आई हैं, कौन सी तकनीकी आई है जिससे हम अपने जीवन को बेहतर बना सकें।

**– कोरोना महामारी को लेकर ऑनलाइन शिक्षा चल रही है, इससे आप कहां तक सहमत हैं?**

मैं बच्चों को यह बताना चाहती हूं कि आप सभी शिक्षक से प्रेरणा लेकर किताब से आप खुद पढ़ें। मेरा अनुभव यह रहा है कि मैंने 6 साल की उम्र से ही पढ़ना चालू कर दिया था और नौवीं कक्षा तक करीब 300 नॉवल्स पढ़ ली थीं। इसकी बजह से जब मैं देश-विदेश गई तो कहीं मुझे यह नहीं लगा कि मेरे अंदर नालेज की कुछ कमी है।

**– महिला संबंधी अपराधों को लेकर आप क्या बताना चाहती हैं?**

यदि किसी के साथ महिला संबंधी अपराध घटित हो जाता है, तो उन्हें तुरंत किसी भी प्राइवेट या सरकारी अस्पताल जाकर जल्द से जल्द अपनी जांच करनी चाहिए। अस्पताल में डॉक्टर का यह विधिक दायित्व होता है कि वह पीड़ित को फर्स्ट ऐड प्रदान करे, ऐसा न करने पर डॉक्टर को 1 साल तक की सजा भी हो सकती है। इन मामलों में जीरो एफआईआर का प्रावधान भी होता है यानि कि पीड़ित व्यक्ति देश के किसी भी पुलिस थाने में जाकर अपनी रिपोर्ट दर्ज करा सकता है। महिला संबंधी जघन्य अपराधों से पीड़ित महिला को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में आवेदन देने पर सरकार द्वारा तीन लाख रुपये तक की धनराशि क्षतिपूर्ति के रूप में मिलती है, जिसमें चिकित्सा व्यय भी शामिल होता है।

**– विचार संस्था कई कार्य कर रही है, उसके बारे में आप क्या बोलना चाहती हैं?**

विचार संस्था का उद्देश्य है सागर का संयुक्त विकास। इस उद्देश्य कि पूर्ति का माध्यम है शहरवासियों में जागरूकता और आत्मविश्वास बढ़ाना। संस्था अपनी प्रमुख मोहल्ला विकास योजना के तहत प्रेम और विश्वास के रिश्ते से जुड़े 12500 परिवारों में निरंतर इस प्रकार की




**न्यूज 20 के एडिटर इन चीफ सुनील नेमा जी के साथ आकांक्षा।**

योजनाएं पहुंचाती है, जिससे उन परिवारों के जीवन का स्तर बेहतर होता चला जाये। इसका एक छोटा उदाहरण यह है कि घर की सब्जियों के छिलकों का इस्तेमाल करके हम बायो-एन्जाइम बना सकते हैं, जिसको हाथ धोने में, घर की सफाई करने में इस्तेमाल कर सकते हैं। घर की बगिया प्रोजेक्ट अभी चल रही है। जिसमें घर में ही सब्जियां उगा रहे हैं। इस तरह की मुहिम हम लाना चाहते हैं ताकि बुंदेलखंड का पिछड़ापन दूर हो सके।

**- भ्रष्टाचार के बारे में आपका क्या कहना है?**

सरकार जो डिजीटल ट्रांजेक्शन को बढ़ावा दे रही है, यह बड़ा कदम होगा भ्रष्टाचार को खत्म करने में।

**- तिरंगा यात्रा को लेकर सागर में जो सम्मान मिला, उसके बारे में क्या कहना चाहती हैं?**

तिरंगा मानव श्रृंखला का उद्देश्य था कि हम लोगों के अंदर देश भक्ति की भावना जागकर सभी वर्गों के लोगों को एकजुट करना चाहते थे। जैसे इंदौर के लोगों में देखने को आता है कि वह अपने शहर से बहुत प्यार करते हैं, वैसे पहली बार ऐसा लगा कि सागर के लोग भी अपने शहर से बहुत प्यार करते हैं।

**- इस चैनल के माध्यम से आप क्या संदेश देना चाहती हैं?**

मेरा संदेश यह है कि आप अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर आत्मविश्वास के साथ उनकी मांग करें। हमें अपनी ताकत को समझना चाहिए। हम यदि सरकार को बड़ा समझते हैं तो यह ध्यान रखें कि सरकार को अधिकार देने वाला हमारे देश का संविधान है, और संविधान को लिखने वाले हम, देश के नागरिक।

**- महिलाओं को आप क्या संदेश देना चाहती हैं?**

मैं महिलाओं को यह संदेश देना चाहती हूं कि आप किसी भी कार्य को यह न समझें कि यह तो पुरूषों का कार्य है। हर कार्य को करना सीखें ताकि जरूरत पड़ने पर आपको किसी के आश्रित न रहना पड़े। उदाहरण के रूप में यदि कभी ऐसा मौका पड़ता है कि घर में किसी की तबियत बिगड़ जाती है, ऐसे में आपको खुद उन्हें अस्पताल ले जाने का आत्मविश्वास एवं सभी आवश्यक जानकारियां होनी चाहिए। आप न्यूज देखकर देश विदेश की जानकारियों से अवगत रहें। नेट बैंकिंग आदि नवीनतम तकनीकों में परिपक्व बनें। घर से बाहर निकला करें। इस प्रकार आप न केवल समाज में सम्मान पा सकती हैं, बल्कि अपने जीवन को बेहतर बना सकती हैं।

# विचार संस्था ने स्वावलंबन योजना के अंतर्गत स्वदेशी उत्पाद निर्माण सामग्री योजना का शुभारंभ किया



विचार कार्यालय के नए भवन का सचिव आकांक्षा मलैया ने दीप प्रज्ज्वलित कर उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर विचार संस्था के संस्थापक अध्यक्ष कपिल मलैया, मार्गदर्शक श्रेयांश जैन व सहकार भारती से आए प्रशिक्षक उपस्थित थे।

सहकार भारती के मार्गदर्शन में 12 सितंबर को नए विचार भवन के उद्‌घाटन के अवसर पर विचार संस्था ने स्वाबलंबन योजना के अंतर्गत गोबर से स्वदेशी उत्पाद बनाने के प्रोजेक्ट पर कार्य करना शुरू किया है। इस योजना का उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देकर उनके द्वारा स्थानीय श्रमिकों को रोजगार देना है इसके लिए उत्तरप्रदेश के उरई से सागर आईं सहकार भारती की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्रीमति विनीता पांडेय जी, सहकार भारती की जिला प्रमुख श्रीमती मानवी सिंह जी और रामकुमार जादौन ने नए विचार भवन में इसको लेकर प्रशिक्षण दिया हैं। कोरोना काल के चलते सुरक्षा का ध्यान रखते हुए विचार संस्था ने दोपहर एक से दो, दो से तीन और तीन से चार, इस प्रकार की शिफ्ट में 15 लोगों को क्रमवार होकर दो दिवसीय कार्यक्रम में 150 लोगों को प्रशिक्षण दिया है। इसके साथ ही विनीता जोशी, मधु मौर्य, भारती शर्मा, नीलू सागर, आरती और नीतू शर्मा को प्रशिक्षक के रूप में सिखाया गया है जो प्रशिक्षण का यह क्रम आगे बढ़ने का कार्य करते रहेगें। इस योजना के अंतर्गत गाय के गोबर, मिट्टी और प्रीमिक्स सामग्री से दीपक, गणेश, लक्ष्मी की मूर्ति, स्वस्तिक, श्री, गमला, बंधनवार आदि वस्तुओं का निर्माण डाई के सांचों द्वारा स्वदेशी भारत अभियान के अंतर्गत बनाये जाएंगे। ऐसे




सहकार भारती से आए प्रशिक्षकों का सम्मान करते हुए विचार संस्था के मुख्य संगठक नितिन पटैरिया।


कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर विचार टीम।


दिया बनाने का प्रशिक्षण लेती महिलाएं।


प्रशिक्षण के उपरांत बनाए हुए उत्पाद को दिखाया गया।

समय यह सब निर्माण आने वाली दीपावली त्योहार के अच्छे व्यापार के रूप को ध्यान रखकर किया जा रहा है। सभी प्रारूप को व्यवस्थित चलाने के लिए विचार संस्था के सहायकों द्वारा लाभार्थियों को डाई (साँचा) उपलब्ध कराई जाएगी जिसमें बनाई गई सभी सामग्रियों की विक्री की जिम्मेदारी इन्ही सहायक और संस्था की रहेगी। अभी सभी सहायकों के सहयोग से 60 लाभार्थियों के लिए ऐसी नई डाई बुलाई गई हैं।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विचार संस्था के संस्थापक व अध्यक्ष कपिल मलैया ने बताया की संस्था के मुख्य संगठक नितिन पटैरिया का इस योजना को लेकर विशेष सहयोग रहा है। योजना के शुभारंभ के अवसर पर संस्था के मार्गदर्शक राजेश सिंघई, श्रीयांश जैन, संस्था की कार्यकारणी अध्यक्ष सुनीता अरिहंत, मीडिया प्रभारी अखिलेश समैया, रामकृष्ण मिश्रा, अखिल भारतीय महासंघ से डॉ प्रदीप पाठक, राकेश श्रीवास्तव, श्रीमति रश्मि कुशवाहा, यमुना पटैल, सौरभ रान्धेलिया कार्यक्रम में मोजूद रहे।




प्रशिक्षण देती हुई सहकार भारती की विनीता पांडे।

# बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में विचार संस्था द्वारा बनाई हेल्प-डेस्क में अभी तक 505 समस्याओं में से 91 प्रतिशत आंकड़ों के साथ 460 मामलों का सफल निदान




बीएमसी में विचार संस्था द्वारा बनाई गई हेल्प डेस्क में मरीजों की समस्याएं सुनते हुए अनुराग विश्वकर्मा।

कोविड 19 मरीजों और उनके परिजनों को हो रही समस्याओं के निदान के लिए बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में सागर कमिश्नर श्री जे.के.जैन की पहल पर विचार संस्था ने हेल्प-डेस्क शुरू किया है। संस्था द्वारा इस जिम्मेदारी को निभाते हुए 52 दिन हो गए हैं जो इस संकट काल से उबरने तक जारी रखी जाएगी। हेल्प-डेस्क के अंतर्गत दो-दो विचार सेवक 4 घण्टे की शिफ्ट में सुबह 6 से 11 बजे तक रामकुमार बाल्मीकि और अरविंद अहिरवार, 11 से 3.30 तक पूजा प्रजापति और पूजा लोधी, 3.30 से 8 बजे अनुराग विश्वकर्मा और तुलसीराम और आखिरी शिफ्ट में 8 से 12 तक संजेश लोधी और सुनील रैकवार अपनी सेवाऐं देते हैं। इस दौरान बुंदेलखंड मेडिकल कालेज में भर्ती कोविड 19 मरीजों और उनके परिजनों को हो रही समस्याओं को हेल्प-डेस्क की ड्यूटी पर तैनात विचार सेवकों द्वारा उस दौरान ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों और स्टॉप को बताकर निदान किया जाता है। अभी तक के रिकॉर्ड में हेल्प-डेस्क पर ऐसे 505 आ चुके मामलों में 91 प्रतिशत निदान के साथ 460 मरीज और उनके परिजनों से सबंधित सभी समस्याओं का निदान किया गया है। हेल्प-डेस्क में सेवाएं दे रहे विचार सेवकों ने उस दौरान के अनुभवों की जानकारी देते हुए बताया कि कोविड पॉजिटिव होने पर सॉरी वार्ड में एडमिट हुए मरीज की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर उन्हें एच.डी.यू. या आई.सी.यू. में शिफ्ट कर दिया जाता हैं। उस दौरान मरीज के परिजन परेशान रहते हैं। जिसके कारणों में संपर्क सूत्र न हो पाना परेशानी का सबब बन जाता है। इस स्थिति में हेल्प डेस्क के विचार सेवक मरीज की पूरी जानकारी लेते

# कोरोना पॉजीटिव मरीजों व उनके परिजनों की सहायता के लिए बीएमसी में विचार संस्था द्वारा 10 अगस्त से सुचारू रूप से चल रहा है हेल्प डेस्क




बीएमसी में हेल्प डेस्क पर कोरोना मरीज व उनके परिवारों की मदद करती हुई विचार संस्था की कार्यकारी अध्यक्ष सुनीता अरिहंत व विचार सदस्य।

हैं, डॉक्टरों से सम्पर्क करते हैं। साथ ही दूरभाष और वीडियो कॉल के जरिए परिजन और मरीज की बात करा देते हैं। वार्ड नं. 15 पलंग नं.14, वार्ड नं. 1 आईसीयू पलंग नं. 11, वार्ड नं. 10 पलंग नं. 2 के मरीजों की मदद की। इसके लिए विचार हेल्प-डेस्क में रखे कम्प्यूटर के माध्यम से स्काई एप पर कॉलिंग के साथ बीएमसी प्रबंधन द्वारा सॉरी, एच.डी.यू. और आई.सी.यू वार्डों में उपलब्ध मोबाइल के माध्यम से बात और वीडियो कॉलिंग कराई जाती है। इसके साथ ही बीएमसी प्रबंधन से मिली लिस्टों के आधार पर एडमिट मरीजों से समय पर इलाज और दवाईयों के बारे में जानकारी ली जाती रहती है। हेल्प डेस्क के द्वारा परिजनों को भिजवाए समान को उनके हाथों तक पहुंचने की पूंछ-परख के साथ किसी भी प्रकार की मदद और समस्याओं के निदान का आश्वासन दिया जाता है। विचार संस्था द्वारा मरीजों को फल-फूल उपलब्ध कराए जा रहे हैं। बीएमसी द्वारा दिये जा रहे सही भोजन के साथ फल-फूल और अन्य सामग्री समय पर पहुंचने की सभी जानकारी ली जाती है। साथ ही ऐसीं सभी सामग्री को विचार सेवकों द्वारा चैक किया जाता है। इसी क्रम में सॉरी वार्ड में भर्ती हुए मरीज की रिपोर्ट निगेटिव आने पर छुट्टी के दौरान हो रही परेशानियों को डॉक्टरों से बात करवाकर दूर किया जाता है। किसी भी कार्य को करने से पहले उसमें आनी वाली चुनौतियां का सामना करने की दृढ़ता ही सफलता के नए आयाम लिखती है। इस संक्रमण के भय के आलम में जहां लोगों ने ऐसी जगहों से एक निश्चित दूरी बना ली है वहां विचार संस्था की हेल्प-डेस्क इन्ही मरीजों और उनके परिजनों के बीच रहकर निडरता के साथ मदद करने का कार्य कर रही है।

# विचार कोरोना वॉरियर्स

**कोरोनाकाल के समय से अभी तक लोगों की सेवाएँ करने वाले इन वॉरियर्स के नाम से विचार कार्यालय प्रांगण में सम्मान स्वरूप वृक्षारोपण किया गया।**


सुनीता जैन जी


राजेश सिंघई जी


नितिन पटैरिया जी


अखिलेश समैया जी


सूरज सोनी जी


सौरभ रांधेलिया जी


कार्तिक भाई पटैल जी


धवन सिंह कुशवाहा जी


अनुराग विश्वकर्मा जी


तुलसीराम दाऊ जी


देवेन्द्र वर्मा जी


सुनील जादूगर जी


राहुल अहिरवार जी


शिखा चौरसिया जी


पूजा लोधी जी


पूजा प्रजापति जी

# विचार कोरोना वॉरियर्स

**कोरोनाकाल के समय से अभी तक लोगों की सेवाएँ करने वाले इन वॉरियर्स के नाम से विचार कार्यालय प्रांगण में सम्मान स्वरूप वृक्षारोपण किया गया।**


विनोद विश्वकर्मा जी


सुनील साहू जी


साहब सिंह जी


नीलेश पटेल जी


अरविंद अहिरवार जी


रामकुमार बाल्मीकि जी


बद्री सेन जी


इंद्र सिंह लोधी जी


जवाहरलाल अहिरवार जी


प्रदीप आठ्या जी


राजकुमार रैकवार जी


शरद मोहन दुबे जी


संजेश सिंह लोधी जी

| बीएमसी फलदानकर्ता सूची | | |
|---|---|---|
| **क्र.** | **फलदानकर्ता का नाम** | **पता/ वार्ड/ मोहल्ला** |
| 1 | श्री राजेश मलैया जी | तिलकगंज वार्ड, सागर |
| 2 | श्रीमति डॉ. शैफाली मलैया जी | तिलकगंज वार्ड, सागर |
| 3 | श्री प्रदीप आठ्या जी | आदिनाथ वर्कशॉप बीना ब्रांच, सागर |
| 4 | श्री सोमेश कुलश्रेष्ठ जी | आदिनाथ वर्कशॉप बीना ब्रांच, सागर |
| 5 | सहिबा खान जी | आदिनाथ वर्कशॉप बीना ब्रांच, सागर |
| 6 | श्री राजा खान जी | आदिनाथ वर्कशॉप बीना ब्रांच, सागर |
| 7 | श्री सुलभ सोनी जी | आदिनाथ वर्कशॉप बीना ब्रांच, सागर |
| 8 | श्री ब्रजलाल रजक जी | आदिनाथ वर्कशॉप बीना ब्रांच, सागर |
| 9 | श्री गगनदीप झा जी | आदिनाथ वर्कशॉप बीना ब्रांच, सागर |
| 10 | श्री नीरज शिल्पकार जी | आदिनाथ वर्कशॉप बीना ब्रांच, सागर |
| 11 | श्री अनिल सिंह लोधी जी | आदिनाथ वर्कशॉप बीना ब्रांच, सागर |
| 12 | श्री वर्षा राजपूत जी | आदिनाथ वर्कशॉप बीना ब्रांच, सागर |
| 13 | श्री मुकेश रजक जी | आदिनाथ वर्कशॉप बीना ब्रांच, सागर |
| 14 | श्री राजेंद्र आठिया जी | आदिनाथ वर्कशॉप बीना ब्रांच, सागर |
| 15 | श्री प्रमोद साहू जी | आदिनाथ वर्कशॉप बीना ब्रांच, सागर |
| 16 | श्री असद खान जी | आदिनाथ वर्कशॉप बीना ब्रांच, सागर |
| 17 | श्री गोलू कुशवाहा जी | आदिनाथ वर्कशॉप बीना ब्रांच, सागर |
| 18 | श्री प्रशांत गंगवाल जी | साईं राम पेट्रोल पंप कर्रापुर, सागर (मप्र) |
| 19 | गुप्तदान | शिव टिम्बर मार्ट, आईटी आई के सामने, सागर |
| 20 | श्री मानवेन्द्र सिंह कौशिक जी | बीपीसीएल सेल्स ऑफिसर, सागर |
| 21 | शुभांगी सुनीता अरिहंत जी | संत रविदास वार्ड, सागर |
| 22 | श्री ब्रजेन्द्र पाल सिंह ठाकुर जी | एस.एस. ठाकुर पेट्रोल पंप लेहद्रानाका, सागर (मप्र) |
| 23 | श्री मनोज जैन जी (एसएस मेडिको) | होटल देव योग के बाजु में, तीनबत्ती सागर |
| 24 | श्रीमति प्रीति मनोज जैन जी | होटल देव योग के बाजु में, तीनबत्ती सागर |
| 25 | पलक, तेजश जैन जी | होटल देवयोग के बाजु में, तीनबत्ती, सागर |
| 26 | श्री डी.के. जैन जी | अंकुर कॉलोनी, मकरोनिया, सागर |
| 27 | श्रीमति रजनी कोठारी जी | करीला, सागर (मप्र) |
| 28 | श्री आलोक अग्रवाल जी | अग्रवाल ऑटोमोबाइल पेट्रोल पंप, सागर (मप्र) |
| 29 | श्री आदित्य आलोक अग्रवाल जी | अग्रवाल ऑटोमोबाइल पेट्रोल पंप, सागर (मप्र) |
| 30 | श्रीमति सुधा अमित चौधरी जी | बनवे परकोटा रोड, सागर |
| 31 | श्रीमति सरिता जिनेद्र जैन जी (आदिनाथ मेडिको) | प्रसूतिका गृह के सामने, कटरा वार्ड, सागर |
| 32 | श्री अंकित सिंघई जी | भगवानगंज, सागर (मप्र) |
| 33 | श्री आशीष पाठक जी | आदिनाथ कार्स (वर्कशॉप), सागर |
| 34 | श्री अभिषेक जैन जी (आर्किटेक्ट, इंदौर) | इंदौर, (म.प्र.) |
| 35 | श्री प्रमोद उपाध्याय जी | विध्यापुरम, मकरोनिया सागर (मप्र) |
| **क्र.** | **आईसीयू वार्ड में फल दानकर्ता** | **पता/ वार्ड/ मोहल्ला** |
| 1 | श्री सौरभ रांधेलिया जी | एसटी कोमलचंद पेट्रोल पंप, सिविल लाइन, सागर (मप्र) |
| 2 | श्री दिलीप रांधेलिया जी | एसटी कोमलचंद पेट्रोल पंप, सिविल लाइन, सागर (मप्र) |
| 3 | श्रीमति संध्या रांधेलिया जी | एसटी कोमलचंद पेट्रोल पंप, सिविल लाइन, सागर (मप्र) |
| 4 | श्रीमति अंकिता रांधेलिया जी | एसटी कोमलचंद पेट्रोल पंप, सिविल लाइन, सागर (मप्र) |
| 5 | मास्टर बाहू रांधेलिया जी | एसटी कोमलचंद पेट्रोल पंप, सिविल लाइन, सागर (मप्र) |
| 6 | श्री नरेन्द्र कुमार जैन जी | पुणे, महाराष्ट्र |
| 7 | श्रीमति सुरभि रांधेलिया जी | एसटी कोमलचंद पेट्रोल पंप, सिविल लाइन सागर (मप्र) |
| 8 | श्री अमोल जैन जी | पुणे, महाराष्ट्र |
| 9 | शालू कोठारी जी | करीला, सागर (मप्र) |
| 10 | श्री सिद्धार्थ कोठारी जी | करीला, सागर (मप्र) |
| 11 | श्रीमति प्रमिला जैन जी | पुणे, महाराष्ट्र |
| 12 | श्री सुगम कोठारी जी | करीला, सागर (मप्र) |

# कमिश्नर की अपील पर आगे आए शहर के समाज सेवी



विचार संस्था व रोटरी क्लब सागर फिनिक्स द्वारा रेम्डिसिविर इंजेक्शन संभागीय कमिश्नर जे के जैन को देते हुए।

विचार संस्था, रोटरी क्लब सागर फिनिक्स के सामूहिक तत्वाधान में सागर कमिश्नर श्री जेके जैन की पहल पर मिशन कोविड-19 को समाप्त करने के लिए एक मुहिम चालू की है। विचार संस्था एवम रोटरी क्लब सागर फिनिक्स ने इनीशिएटिव लेते हुए इस मुहिम में शहर के कई संस्थानों को जोड़ा। संभागायुक्त का कहना था कि सागर में डेथ रेशियो बढ़ रहा है, अगर इन गरीब मरीज़ों को रेम्डिसिविर इंजेक्शन समय पर मिल जाते हैं तो तो उनका बेहतर इलाज हो सकता है। सामाजिक संस्थाओं और लोगों की मदद से उनकी जान बचाई जा सकती है। जैसा कि डॉक्टर्स ने बताया कि अगर इनको समय पर इंजेक्शन उपलब्ध हो जाता है तो इंजेक्शन की मदद से मरीज को बचाया जा सकता है। इस पूरी प्रोसेस में 6 इंजेक्शन का एक कंप्लीट डोज मरीज को हर दूसरे दिन दिया जाता है। 1 दिन छोड़कर जब इंजेक्शन लगता है तो वायरस लोड धीरे-धीरे कम होता जाता है। इस प्रकार इस संपूर्ण प्रक्रिया में 25 हज़ार रुपये का खर्च आता है। संभागायुक्त श्री जे के जैन की अपील पर सागर के लोग जुड़ें और इस मुहिम को आगे बढ़ाया। अब सागर में लगभग 60 मरीज़ों के लिए यह व्यवस्था पूरी होने वाली है। आज दिनांक 1 सितंबर को विचार संस्था के मुख्य सहायक एवं मीडिया प्रभारी अखिलेश समैया, नितिन पटेरिया एवं रोटरी क्लब सागर के सदस्य मुकेश साहू, अभिषेक जैन, अध्यक्ष नमन समैया, धर्मवीर साहू, सचिव आयुषी



कमिश्नर कार्यालय में विचार संस्था व रोटरी क्लब सागर फिनिक्स के सदस्य।

अग्रवाल, डॉ श्रेया ठाकुर, शुभम जैन आदि के द्वारा यह इंजेक्शन मेडिकल कॉलेज को दिए गए। आगे भी विचार संस्था, रोटरी क्लब संस्था और सभी सहयोगी संस्थानों की कोशिश होगी कि अगर किसी भी चीज की जरूरत पड़ती है तो वे एक पैर पर खड़े मिलेंगे। आगे विचार संस्था, रोटरी क्लब के द्वारा पल्स ऑक्सीमीटर जोकि बहुत जरूरी इंस्ट्रूमेंट है, जिससे यह पता चलता हमारे शरीर में ऑक्सीजन का लेवल कितना है। शहर की संस्थाओं को जोड़कर, दानदाताओं को जोड़कर संस्था की कोशिश होगी कि कम से कम 500 पल्स ऑक्सीमीटर मेडिकल कॉलेज को डोनेट करें। जिससे जो मरीज एचडीयू, सारी वार्ड में एडमिट है, आईसीयू में एडमिट है, उन्हें समय-समय पर यह पता चलता रहे कि उनका ऑक्सीजन लेवल कितना है। इस प्रकार सभी मिलकर प्रयास करेंगे तो सागर में के मरीजों की जान बचाई जा सकती है।




विचार संस्था व रोटरी क्लब सागर फिनिक्स द्वारा रेम्डिसिविर इंजेक्शन संभागीय कमिश्नर जे के जैन को देते हुए।

# विचार संस्था द्वारा गणेश विसर्जन में सहभागिता

कोरोना महामारी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए प्रशासन ने इस बार सार्वजनिक गणेश स्थापना की इजाजत नहीं दी है जिसके चलते सार्वजनिक गणेश पंडाल नहीं रखे गए हैं। लोगो ने अपने-अपने घरों में गणपति विराजमान किये हैं। जहॉ इसके पहले विभिन्न नदी या पोखर तालाब आदि जगहों पर लोग-बाग खुद गणेश विसर्जन किया करते थे वहां इस कोरोना काल के चलते नागरिकों को संक्रमण से बचने की एहतिहात के तौर पर सागर नगर निगम द्वारा विचार संस्था व गायत्री परिवार के सहयोग से विभिन्न वाहनों द्वारा गणेश चतुर्थी (1 सितंबर) को सभी वार्डो के घर-घर जाकर गणेश भगवान की विराजित प्रतिमाओं को एकत्र किया। प्रतिमाओं को



लेकर जाने वाले इन वाहनों में सुचिता पवित्रता का पूरा ख्याल रखा गया। प्रत्येक वाहन में सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से दो-दो व्यक्तियों के साथ पुलिस कर्मी को साथ रखा गया है। इस तरह की व्यवस्था रखकर गणेश विसर्जन करने को लेकर नगर वासियों ने प्रशासन सहित मदद को आगे आई सामाजिक संस्थाओं का आभार जताया है।

# विचार संस्था ने सभी व्यापारियों से आव्हान किया कि वे अपनी दुकान के सामने फ्लैक्स लगाकर लोगों से कोरोना संक्रमण से बचने के लिए मास्क लगाने की अपील करें



प्रेमलाल जाटव जी (फल विक्रेता)



हेमराज जी (चश्मा वाले)



मनीष पटैल जी (फल विक्रेता)



रामा जी (भुन्टा वाले)



प्रकाश पटैल जी (फल विक्रेता)



दीपक पटैल जी (फूल वाले)



गोलू जी (फल विक्रेता)



संजय चाय सेंटर

# व्यापारियों द्वारा मास्क लगाने की अपील की गई



बाबू पटैल जी (फल विक्रेता)



राजू पटैल जी (सब्जी वाले)



विशाल पटैल जी (सब्जी वाले)



सन्नी पटैल जी (फल विक्रेता)



महेश सिंघई जी (पान भंडार)



सोनू चौधरी जी (सब्जी वाले)




सुभाष साहू जी (सब्जी वाले)



राहुल साहू जी

जगदीश साहू जी

# विचार संस्था की साप्ताहिक (ऑनलाइन ) बैठक



कोरोना संक्रमण के चलते सभी की सुरक्षा को देखते हुए विचार संस्था साप्ताहिक विमर्श (मीटिंग) का आयोजन प्रत्येक रविवार दोपहर 3 बजे गूगल मीट एप के माध्यम से करती आ रही है। अभी तक 6, 13, 20 व 27 सितंबर को बैठक हो चुकी है। विचार संस्था के संस्थापक अध्यक्ष कपिल मलैया व सचिव कु. आकांक्षा मलैया ने बताया कि इसमें विचार टीम के सभी साथी जुड़कर मौजूदा गतिविधियों को अपडेट रखते हुए नागरिकों के हित के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए भावी योजनाओं के कार्यों पर मनन करने के साथ उन्हें जमीन पर उतारने के निर्णय लेती है।

**बैठक में निम्न निर्णय लिए गए।**

1. गोबर के गमले एवं दिए बनाने की योजना के लिए विनीता पांडे दीदी से सम्पर्क कर लिया गया है और साथ में दिया और गमले बनाने के सांचे एवं मटेरियल लेने की व्यवस्था भी हो चुकी है। योजना के कार्यान्वयन के लिए विचार मुहल्लों टीमों के सहायक तथा उनके चुने हुये सदस्यों को यह प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण 11 और 12 सितम्बर को रखा गया है, यह प्रशिक्षण विनीता पांडे दीदी के द्वारा दिया जायेगा। प्रशिक्षण 15 -15 लोगों के बैच बनाकर दिया जाना है।

2. विचार संस्था के नये ऑफिस का उद्घाटन 12 सितम्बर को दोपहर 2 बजे किया जायेगा। साथ ही 74 स्थानों पर झंडा वंदन कार्यक्रम से जुड़े हुए लोगों को सम्मान पत्र भी दिए जायेंगे।

3. कोरोना काल में निरंतर अपनी सेवाएं देने वाले को सम्मान के लिए उनके नाम के पेड़ नए विचार कार्यालय के सामने लगाये जाने है यह कार्य 12 सितंबर को नए विचार के उद्घाटन के साथ किया जाना है।

4. संस्था द्वारा हरित घर सम्मान दिया जायेगा। इन मध्यमवर्गीय घरों में (a) ऐरकण्डीशनर से निकलने वाला पानी इकठ्ठा किया जायेगा। (b) आर ओ पानी के छानने के दौरान जो पानी फिक जाता है उसका वैकल्पिक उपयोग किया जायेगा। (c) प्लास्टिक गुल्लक बनाया जायेगा। (d) घर की बगिया लगायी जाएगी। (e) इस योजना में घर के छोटे- छोटे बच्चो को जोड़ा जायेगा। इस योजना के इंचार्ज राजेश सिंघई, श्रीयांश जैन, कपिल दुबे बनाये गए।

5. एक मास्क अनेक जिन्दगी के तहत



50 फ्लेक्स लगाये जा रहे है।

6. बीएमसी में भर्ती कोरोना के मरीजों के सभी वार्डो के बाहर एक-एक विचार हेल्प डेस्क खोली जाएगी जिसमें मरीजों को निम्न सुविधाएँ दी जाएंगी। पल्स ऑक्सीमीटर (शरीर में आक्सीजन लेवल चैक करने के लिए), बॉडी टेम्परेचर चैक करने कि मशीन, ब्लड प्रेसर चैक करने की मशीन आदि उपकरण उस टेबल पर रहेंगे ।

7. बीएमसी में भर्ती कोरोना के मरीजों के लिए सेव फल की व्यवस्था विचार संस्था के सेवकों द्वारा कराई जा रही है। साथ ही सौरभ रान्धेलिया द्वारा आईसीयू वार्ड में भर्ती कोरोना मरीजों के लिए नारियल पानी और सेवफल पहुंचाये जा रहे हैं।

8. अखिलेश समैया एवं सौरभ रांधेलिया द्वारा कोरोना संबंधित जानकारी एवं हैल्थ चेकलिस्ट कि पंपलेट डिजाइन की गई ।

9. कोरोना संक्रमण बढ़ रहा है नई जागरूकता कैसे करें। इसके लिए टू लेयर या थ्री लेयार बाला मास्क बैंक बनाना चाहिए। यह मास्क मजदूरों और गरीबों को देकर उन्हें जागृत करना चाहिए की इस समय मास्क ही वैक्सीन है क्योंकि मास्क 90 % संक्रमण से बचाता है।

10. बीएमसी में फल के अलावा मरीजों को व्हीलचेयर भी देना चाहिए इसके बारे में अस्पताल प्रबंधन से बात करना चाहिए।

11. बीएमसी में विचार संस्था द्वारा संचालित हेल्पडेस्क के केबिन में जाली और कांच लगाना चाहिए क्योंकि शाम के समय कई लोग विचार सेवकों से अभद्र व्यवहार करते हैं। इसके लिए सिक्योरिटी गार्ड को बैठाना चाहिए।

**नई योजनाओं के सुझाव**

1) विभिन्न संस्थाएं स्कूल कॉलेज व्यापारी वर्ग ऑक्सीमीटर रखकर लोगों की जांच कर उन्हें जागरूक करें।

2) ऑक्सीमीटर और मास्क का लीफलेट व बैनर बनाकर कोरॉना से बचाव के बारे में जागरूकता फैलाने चाहिए।

3) मंदिर के फूलों को एकत्रित कर के अगरबत्ती बनाने का कार्य और साथ में फूलों के प्रकृति रंग बनाने का कार्य करने पर विचार किया गया।

4) पुलिस के सामुदायिक भवन में योग एवं फिजियो थेरेपी सेंटर शुरू करने पर विचार।

# विचार झंडा वंदन कार्यक्रम में झंडा फहराने वालों की सूची

## विचार झंडा वंदन कार्यक्रम सागर-2020

### सागर नगर निगम परिषर, सागर

| क्र. | वार्ड का नाम | टीम मेम्बर का नाम | मोबाइल नं. |
|---|---|---|---|
| 1 | डॉ. हरिसिंह गौर वार्ड | श्रीमति सीता साहू जी | 8857855822 |
| 2 | इंदिरा नगर वार्ड | श्री सुरेश पिंजवानी जी | 9827226755 |
| 3 | सिविल लाइन्स वार्ड | श्री सौरभ रांधेलिया जी | 8462880439 |
| 4 | मधुकरशाह वार्ड | श्री पंकज सोनी जी | 9300966759 |
| 5 | शिवाजी वार्ड | श्री आलोक जैन जी | 9302912253 |
| | | श्री शरदमोहन दुबे जी | 9425451300 |
| | | श्री अखिलेश समैया जी | 9302556222 |
| 6 | गोपालगंज वार्ड | श्रीमति विनीता महेश जैन जी | 9827052501 |
| | | श्रीमति मंजू सतभैया जी | 9755828457 |
| 7 | वृन्दावन वार्ड | श्री साहब सिंह जी | 9993737456 |
| 8 | कृष्णागंज वार्ड | श्रीमति मंजू संतोष साहू जी | 9926853082 |
| 9 | शनिचरी वार्ड | श्रीमति प्रमिला मौर्य जी | 9977843610 |
| 10 | परकोटा वार्ड | श्रीमति डॉ. अलका जैन जी | 9425636378 |
| 11 | लाजपतपुरा वार्ड | श्री रीतेश जैन जी | 9165708567 |
| 12 | शुक्रवारी वार्ड | श्री अखिल कुमार रजक जी | 7771942652 |
| 13 | महर्षि दयानन्द वार्ड | श्री प्रशांत जैन जी (पार्षद) | 8770852121 |
| 14 | तिलकगंज वार्ड | श्रीमति नीलू सागर जी | 9165767897 |
| 15 | भगवानगंज वार्ड | श्रीमति प्रभा साहू जी | 7566571932 |
| 16 | विट्ठल नगर वार्ड | श्री देवेन्द्र वर्मा जी | 9424722673 |
| 17 | गुरु गोविन्द सिंह वार्ड | उर्मिला वर्मा जी | 8964015811 |
| 18 | सुभाष नगर वार्ड | श्री अमित शर्मा जी | 8770755573 |
| | | श्रीमति विनीता जोशी जी | 6265361515 |
| 19 | तुलसी नगर वार्ड | श्रीमति ममता अहिरवार जी | 8982504975 |
| 20 | लाल बहादुर शास्त्री वार्ड | श्रीमति कस्तूरी बाई विश्वकर्मा जी | 8871165806 |
| 21 | संत कवरराम वार्ड | श्री सन्तु पोपटानी जी | 7748878206 |
| 22 | संत रविदास वार्ड | श्रीमति सरिता गुरु जी | 8815168448 |
| 23 | भगत सिंह वार्ड | श्रीमति नीलम अहिरवार जी | 9630414004 |
| | | श्री सुनील सागर जी | 9425425369 |
| 24 | वल्लभ नगर वार्ड | श्रीमति प्रीती केशरवानी जी | 7898849005 |
| 25 | मोतीनगर वार्ड | श्री अंशुल साहू जी | 7974950802 |
| | | श्री आकाश प्रजापति जी | 8225027224 |
| 26 | चंद्रशेखर वार्ड | श्री पंकज सोनी जी | 8770089460 |
| 27 | कटरा वार्ड | श्रीमति अंजू सेठ जी | 8103574890 |
| | | श्रीमति सरिता जैन जी | 7470369954 |
| 28 | जवाहरगंज वार्ड | श्री सूर्या यादव जी | 9144006079 |
| 29 | रामपुरा वार्ड | ऋतू वावरे जी | 75662 31977 |
| | | कु पूजा पड़ेले जी | 9131026291 |
| | | श्री कौशल सोनी जी | 9754649087 |
| 30 | इतवारी वार्ड | श्रीमति कांति दीदी जी | 9425662126 |
| 31 | गाँधी चौक वार्ड | श्री कैलाश विश्वकर्मा जी | 8817099909 |
| 32 | रवि शंकर वार्ड | श्री पप्पू पढ़ा जी | 9425171131 |
| 33 | नरयावली नाका वार्ड | श्रीकांत सेन जी | 9827246876 |
| 34 | मोहन नगर वार्ड | श्री अनिमेष जैन जी | 9827615682 |
| 35 | राजीव नगर वार्ड | श्री तुलसीराम दाऊ जी | 8120082262 |

### सागर नगर निगम परिषर, सागर

| क्र. | वार्ड का नाम | टीम मेम्बर का नाम | मोबाइल नं. |
|---|---|---|---|
| 36 | विवेकानंद वार्ड | श्री वीरेंद्र पाठक जी | 9435071117 |
| 37 | संत कबीर वार्ड | श्री विनय पांडे जी | 9713684118 |
| 38 | केशवगंज वार्ड | श्रीमति दीपा रैकवार जी | 6260833522 |
| 39 | सूबेदार वार्ड | श्रीमति खुशबु जैन जी | 9425626392 |
| 40 | चकराघाट वार्ड | श्री भानु विश्वकर्मा जी | 9981881085 |
| 41 | बरियाघाट वार्ड | श्री बिट्टू पहलवान जी | 9399156602 |
| 42 | लक्ष्मीपुरा वार्ड | श्री राजू लोधी जी | 6265144345 |
| 43 | पुरव्याऊ टोरी वार्ड | श्री मनोज विश्वकर्मा जी | 9303272537 |
| | | श्री सीताराम चौरसिया जी | |
| 44 | काकागंज वार्ड | श्री धर्मेन्द्र खटिक जी | 9425172494 |
| | | श्री सचिन जैन जी | 9926348347 |
| 45 | पंत नगर वार्ड | श्रीमति अनीता कोरी जी | 6267419382 |
| 46 | तिली वार्ड | श्री यशवंत सिंह चौधरी जी | 8305971461 |
| 47 | बाघराज वार्ड | श्रीमति शशि रोहित जी | 8770460510 |
| 48 | आंबेडकर वार्ड | श्रीमति बबली अहिरवार जी | 9630546326 |

### मकरोनिया नगर पालिका परिषर, सागर -2020

| क्र. | वार्ड का नाम | टीम मेम्बर का नाम | मोबाइल नं |
|---|---|---|---|
| 1 | रानी दुर्गावती वार्ड | श्रीमति मीना पटैल जी | 7974758735 |
| | | श्री राजेश पटैल जी | 9399821659 |
| 2 | श्री कृष्ण वार्ड | श्री दुष्यंत शर्मा जी | 9424427439 |
| 3 | दीनदयाल नगर वार्ड | श्री सी.पी.शुक्ला जी | 7000434901 |
| 4 | गंभिरिया वार्ड | श्री राघवेन्द्र ठाकुर जी | 9098509865 |
| 5 | महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड | श्री चंद्रप्रकाश शुक्ला जी | 9826732411 |
| 6 | महावीर नगर वार्ड | श्री दिलीप सिंघई जी | 9425193525 |
| 7 | रामलला वार्ड | श्री हीरालाल जैन जी | 9893287628 |
| 8 | शिवाजी वार्ड | श्री पिंटू दुबे जी | 8357952055 |
| 9 | सरदार बल्लभ भाई पटैल वार्ड | श्री नीरज विश्वकर्मा जी | 9981688379 |
| 10 | शिवानगर वार्ड | श्री दीपक ठाकुर जी | 7389045589 |
| 11 | वृन्दावन नगर वार्ड | पारुल तिवारी जी | 9406686280 |
| 12 | शंकरनगर वार्ड | श्री जगराज जी | 8839653697 |
| 13 | आदिनाथ वार्ड | श्रीमति ज्योति सराफ जी | 9179128855 |
| | | श्रीमति अनीता जैन जी | 8516990629 |
| 14 | अबंतीबाई वार्ड | श्री सुमित सेठ जी | 9770087313 |
| 15 | गोपेश्वर वार्ड | श्री विक्की भैया जी | 9617524455 |
| 16 | रविदास वार्ड | श्री पप्पू वंसल जी | 9329219659 |
| 17 | महात्मा गाँधी वार्ड | श्री भागीरथ अहिरवार (पार्षद) जी | 8965097397 |
| 18 | सबरी वार्ड | श्री मुकेश यादव जी | 9753510727 |

### कैंट बोर्ड, सागर - 2020

| क्र. | वार्ड का नाम | टीम मेम्बर का नाम | मोबाइल नं |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड -01 | श्री धवल कुशवाहा जी | 9826264283 |
| 2 | वार्ड -02 | श्रीमति गीता पटैरिया जी | 9009780042 |
| 3 | वार्ड -03 | श्री सूरज सोनी जी | 9826093010 |
| 4 | वार्ड -04 | श्री विक्रम घोषी जी | 7566040862 |
| 5 | वार्ड -05 | श्री संतोष मिथोरिया जी | 9977080930 |
| 6 | वार्ड -06 | श्री अशोक खरे जी | 9425425448 |
| 7 | वार्ड -07 | श्री प्रभुदयाल पटैल जी | 9424488321 |

# मीडिया कवरेज

दैनिक भास्कर सागर 02-09-2020

## कोविड के गंभीर मरीजों के इलाज के लिए रोटरी क्लब और विचार संस्था ने दिए 1.5 लाख रुपए के 6 इंजेक्शन



सागर | बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के आईसीयू वार्ड में जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे कोरोना पॉजिटिव मरीजों की जान बचाने के लिए शहर की समाजसेवी संस्थाओं ने 6 रेम्डिसिविर इंजेक्शन का दान दिया है। इस एक इंजेक्शन की कीमत करीब 25 हजार रुपए बताई जा रही है। यानी कुल 1.50 लाख रुपए के इंजेक्शन का सहयोग बीएमसी प्रबंधन को दिया। इसमें प्रमुख रूप से रोटरी क्लब सागर फिनिक्स और विचार संस्था और उनके सदस्यों का योगदान था।

संस्थाओं ने मंगलवार को यह इंजेक्शन संभागायुक्त जेके जैन को सौंपे। रोटरी क्लब सागर फिनिक्स के अध्यक्ष नमन समैया ने बताया कि संभागायुक्त जेके जैन ने कुछ दिन पहले शहर की संस्थाओं को जोड़कर कोरोना पॉजिटिव मरीजों के इलाज में सहयोगी बनने की अपील की थी।

वहीं प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर मुकेश साहू ने बताया कि इन रेम्डिसिविर इंजेक्शन का लाभ निर्धन मरीजों को दिया जाएगा। इन 6 इंजेक्शन से एक मरीज का डोज कंप्लीट होगा। एक इंजेक्शन की कीमत 25 हजार रुपए है। ऐसे हमें 60 मरीजों की मदद करना होगी। इस दौरान विचार संस्था के संस्थापक कपिल मलैया ने भी शहरवासियों से आगे आकर इंजेक्शन डोनेट करने की अपील की। इतना ही नहीं संस्थाओं की ओर से 500 पल्स ऑक्सीमीटर मेडिकल कॉलेज को दान देने का भी वादा किया गया। इस दौरान रोटरी क्लब सागर फीनिक्स से अभिषेक जैन, सचिव धर्मवीर साहू, आयुषी अग्रवाल, डॉ श्रेया ठाकुर मौजूद थीं। वहीं विचार संस्था से नितिन पटैरिया, अखिलेश समैया उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर सागर 01-09-2020

## पर्यूषण की खुशनुमा हरियाली : समाज और संस्थाओं की पहल रंग लाई, वीरान मंगलगिरी पहाड़ी तीन साल में फिर हो गई हरी-भरी



फोटो | मनुज नामदेव • ड्रोन | टेनू निर्मल

सागर | शहर से लगी हुई मंगलगिरी पहाड़ी ने हरियाली की चादर ओढ़ ली है। यहां पर कई जैन मंदिर भी हैं। साथ ही बालाजी हनुमान मंदिर भी नजदीक ही है। जिस हिस्से में जैन मंदिर हैं, उस तरफ चारों ओर हरियाली ही हरियाली है। मंगलगिरी में करीब तीन साल पहले तक इसकी एक चौथाई ही हरियाली थी। उसके बाद स्थानीय लोगों, संस्थाओं और सकल दिगंबर जैन समाज की विभिन्न संस्थाओं ने यहां पर न सिर्फ पौधरोपण किया, बल्कि उनकी देखरेख का जिम्मा सतत मॉनिटरिंग के रूप में लिया। उसी का असर है कि यहां पर अब हर ओर सिर्फ हरियाली ही हरियाली दिखाई पड़ रही है।

### विचार संस्था ने 2 साल में रोपे 55 किस्म के 7500 पौधे, अब 3 से 10 फीट के हुए, जो पौधा मृत हुआ उसकी जगह नया पौधा लगाया

विचार संस्था द्वारा पिछले 2 सालों में 55 किस्म के 7500 पौधे रोपे जा चुके हैं। यह सभी 3 से लेकर 10 फीट के हो चुके हैं। जो पौधा मृत हो जाता है, उसकी जगह पर नया पौधा लगा दिया जाता है।



सुरक्षा की तो पौधे 3 से 10 फीट के हुए।

दैनिक भास्कर सागर 11-09-2020

## बीएमसी में विचार संस्था ने बनाई हेल्प डेस्क, अब तक 505 समस्याओं में से 460 हल की



सागर| कोविड 19 मरीजों और उनके परिजनों को हो रही समस्याओं के निदान के लिए बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में सागर कमिश्नर जेके जैन की पहल पर विचार संस्था ने हेल्प-डेस्क शुरू की है। संस्था को इस जिम्मेदारी को निभाते हुए 31 दिन हो गए हैं। बुंदेलखंड मेडिकल कालेज में भर्ती कोविड 19 मरीजों और उनके परिजनों को हो रही समस्याओं को हेल्प-डेस्क की ड्यूटी पर तैनात विचार सेवकों द्वारा उस दौरान ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों और स्टॉप को बताकर निदान किया जाता है. अभी तक के रिकॉर्ड में हेल्प-डेस्क पर ऐसें 505 आ चुके मामलों में 91% निदान के साथ 460 मरीज और उनके परिजनों से सबंधित सभी समस्याओं का निदान किया गया है।

आचरण सागर शहर बुधवार, 02 सितम्बर 2020

## कोरोना पीड़ितों की मदद के लिए आगे आ रही हैं सामाजिक संस्थायें

### कमिश्नर की अपील पर शहर के समाजसेवी आए आगे



सागर, आचरण संवाददाता।

विचार संस्था, रोटरी क्लब सागर फिनिक्स के सामूहिक तत्वाधान में सागर कमिश्नर जेके जैन की पहल पर मिशन कोविड-19 को समाप्त करने के लिए एक मुहिम चालू की है। विचार संस्था एवं रोटरी क्लब सागर फिनिक्स ने इनीशिएटिव लेते हुए इस मुहिम में शहर के कई संस्थानों को जोड़ा। संभागायुक्त का कहना था कि सागर में डेथ रेशियो बढ़ रहा है, अगर इन गरीब मरीज़ों को रेम्डिसिविर इंजेक्शन समय पर मिल जाते हैं तो तो उनका बेहतर इलाज हो सकता है। सामाजिक संस्थाओं और लोगों की मदद से उनकी जान बचाई जा सकती है। जैसा कि डॉक्टर्स ने बताया कि अगर इनको समय पर इंजेक्शन उपलब्ध हो जाता है है तो इंजेक्शन की मदद से मरीज को बचाया जा सकता है। इस पूरी प्रोसेस में 6 इंजेक्शन का एक कंप्लीट डोज़ मरीज को हर दूसरे दिन दिया जाता है। 1 दिन छोड़कर जब इंजेक्शन लगता है तो वायरस लोड धीरे-धीरे कम होता जाता है। इस प्रकार इस संपूर्ण प्रक्रिया में 25 हज़ार रुपये का खर्च आता है। संभागायुक्त श्री जेके जैन की अपील पर सागर के लोग जुड़े और इस मुहिम को आगे बढ़ाया। अब सागर में लगभग 60 मरीज़ों के लिए यह व्यवस्था पूरी होने वाली है। आज दिनांक 1 सितंबर को विचार संस्था के मुख्य सहायक एवम मीडिया प्रभारी अखिलेश समैया, नितिन पटेरिया एवम रोटरी क्लब सागर के सदस्य मुकेश साहू, अभिषेक जैन, अध्यक्ष नमन समैया, धर्मवीर साहू, सचिव आयुषी अग्रवाल, डॉ श्रेया ठाकुर, शुभम जैन आदि के द्वारा यह इंजेक्शन मेडिकल कॉलेज को दिए गए। आगे भी विचार संस्था, रोटरी क्लब संस्था और सभी सहयोगी संस्थानों की कोशिश होगी कि, अगर किसी भी चीज की जरूरत पड़ती है तो उसे पूरा करेंगे। आगे विचार संस्था रोटरी क्लब के द्वारा पल्स ऑक्सीमीटर जो कि बहुत जरूरी इंस्ट्रूमेंट है, जिससे यह पता चलता हमारे शरीर में ऑक्सीजन का लेवल कितना है।

शहर की संस्थाओं को जोड़कर, दानदाताओं को जोड़कर संस्था की कोशिश होगी कि कम से कम 500 पल्स ऑक्सीमीटर मेडिकल कॉलेज को डोनेट करें। जिससे जो मरीज एचडीयू, सारी वार्ड में एडमिट है, आईसीयू में एडमिट है, उन्हें समय-समय पर यह पता चलता रहे कि उनका ऑक्सीजन लेवल कितना है। इस प्रकार सभी मिलकर प्रयास करेंगे तो सागर के मरीजों की जान बचाई जा सकती है।

# मीडिया कवरेज

दैनिक भास्कर सागर 13-09-2020

## विचार संस्था ने गोबर से स्वदेशी उत्पाद निर्माण योजना शुरू की



भास्कर संवाददाता | सागर

सहकार भारती के मार्गदर्शन में शनिवार को नए विचार भवन के उद्घाटन के अवसर पर विचार संस्था ने स्वावलंबन योजना के तहत गोबर से स्वदेशी उत्पाद बनाने के प्रोजेक्ट पर कार्य करना शुरू किया।

इस योजना का उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना और इस तहत स्थानीय श्रमिकों को रोजगार देना है। इसके लिए उत्तरप्रदेश के उरई से सागर आई सहकार भारती की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य विनीता पांडेय, सहकार भारती की जिला प्रमुख मानवी सिंह और रामकुमार जादौन ने नए विचार भवन में इसको लेकर प्रशिक्षण दिया है। इस योजना के तहत गाय के गोबर, मिट्टी और प्रीमिक्स सामग्री से दीपक, गणेश, लक्ष्मी की मूर्ति, ॐ, स्वस्तिक, श्री, गमला, बंधनवार आदि वस्तुओं का निर्माण किया जाएगा। अभी सभी सहायकों के सहयोग से 60 लाभार्थियों के लिए ऐसीं नयी डाई (उत्पाद बनाने के लिए सांचा) मंगाई गई हैं।

विचार संस्था के संस्थापक अध्यक्ष कपिल मलैया ने बताया की संस्था के मुख्य संगठक नितिन पटैरिया का इस योजना को लेकर विशेष सहयोग रहा है, योजना के शुभारंभ के अवसर पर संस्था के मार्गदर्शक राजेश सिंघई, श्रीयांश जैन, कार्यकारणी अध्यक्ष सुनीता अरिहंत सहित समस्त सदस्य कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## विचार संस्था ने की स्वावलंबन योजना अंतर्गत स्वदेशी उत्पाद निर्माण सामग्री की शुरुआत

अतुल्य भास्कर, सागर



सहकार भारती के मार्गदर्शन में आज नए विचार भवन के उद्घाटन के अवसर पर विचार संस्था ने स्वावलंबन योजना के अंतर्गत गोबर से स्वदेशी उत्पाद बनाने के प्रोजेक्ट पर कार्य करना शुरू किया है. इस योजना का उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देकर उनके द्वारा स्थानीय श्रमिकों को रोजगार देना है इसके लिए उत्तरप्रदेश के उरई से सागर आई सहकार भारती की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्रीमति विनीता पांडेय जी, सहकार भारती की जिला प्रमुख श्रीमती मानवी सिंग जी, और रामकुमार जादौन ने नए विचार भवन में इसको लेकर प्रशिक्षण दिया हैं। कोरोना काल के चलते सुरक्षा का ध्यान रखते हुए विचार संस्था ने दोपहर एक से दो, दो से तीन और तीन से चार, इस प्रकार की शिफ्टों में 15 लोगों को क्रमवार होकर दो दिवसीय कार्यक्रम में 150 लोगों को प्रशिक्षण दिया है इसके साथ ही विनीता जोशी, मधु मोर्य, भारती शर्मा, नीरू सागर, आरती और नीतू शर्मा को प्रशिक्षक के रूप में सिखाया गया है जो प्रशिक्षण का यह क्रम आगे बढ़ाने का कार्य करते रहेगें। इस योजना के अंतर्गत गाय के गोबर, मिट्टी और प्रीमिक्स सामग्री से दीपक, गणेश, लक्ष्मी की मूर्ति, स्वस्तिक,श्री, गमला, बंधनवार आदि वस्तुओं का निर्माण डाई के सांचों द्वारा स्वदेशी भारत अभियान के अंतर्गत बनाये जाएंगे. ऐसें समय यह सब निर्माण आने वाली दीपावली त्यौहार के अच्छे व्यापार के रूप को ध्यान रखकर किया जा रहा है सभी प्रारूप को व्यवस्थित चलाने के लिए विचार संस्था के सहायकों द्वारा लाभार्थियों को डाई (साँचा) उपलब्ध कराई जाएगी।

## विचार संस्था ने की स्वावलम्बन योजना अन्तर्गत स्वदेशी उत्पाद निर्माण सामग्री की शुरुआत

जागरण संवाददाता, सागर



सहकार भारती के मार्गदर्शन में आज नए विचार भवन के उद्घाटन के अवसर पर विचार संस्था ने स्वावलंबन योजना के अंतर्गत गोबर से स्वदेशी उत्पाद बनाने के प्रोजेक्ट पर कार्य करना शुरू किया है. इस योजना का उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देकर उनके द्वारा स्थानीय श्रमिकों को रोजगार देना है इसके लिए उत्तरप्रदेश के उरई से सागर आई सहकार भारती की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्रीमति विनीता पांडेय जी, सहकार भारती की जिला प्रमुख श्रीमती मानवी सिंग जी, और रामकुमार जादौन ने नए विचार भवन में इसको लेकर प्रशिक्षण दिया हैं। कोरोना काल के चलते सुरक्षा का ध्यान रखते हुए विचार संस्था ने दोपहर एक से दो, दो से तीन और तीन से चार, इस प्रकार की शिफ्टों में 15 लोगों को क्रमवार होकर दो दिवसीय कार्यक्रम में 150 लोगों को प्रशिक्षण दिया है इसके साथ ही विनीता जोशी, मधु मोर्य, भारती शर्मा, नीरू सागर, आरती और नीतू शर्मा को प्रशिक्षक के रूप में सिखाया गया है जो प्रशिक्षण का यह क्रम आगे बढ़ाने का कार्य करते रहेगें। इस योजना के अंतर्गत गाय के गोबर, मिट्टी और प्रीमिक्स सामग्री से दीपक, गणेश, लक्ष्मी की मूर्ति, स्वस्तिक,श्री, गमला, बंधनवार आदि वस्तुओं का निर्माण डाई के सांचों द्वारा स्वदेशी भारत अभियान के अंतर्गत बनाये जाएंगे. ऐसें समय यह सब निर्माण आने वाली दीपावली त्यौहार के अच्छे व्यापार के रूप को ध्यान रखकर किया जा रहा है सभी प्रारूप को व्यवस्थित चलाने के लिए विचार संस्था के सहायकों द्वारा लाभार्थियों को डाई (साँचा) उपलब्ध कराई जाएगी।

नव भारत
4 भोपाल, सोमवार, 14 सितंबर 2020



## स्वावलंबन योजना के तहत प्रशिक्षण दिया

**सागर.** विचार संस्था ने स्वाबलंबन योजना के अंतर्गत गोबर से स्वदेशी उत्पाद बनाने के प्रोजेक्ट पर कार्य करना शुरू किया है . इस योजना का उद्देश्य स्वदेशी उत्पादो को बढ़ावा देकर उनके द्वारा स्थानीय श्रमिकों को रोजगार देना है इसके लिए उत्तरप्रदेश के उरई से सागर आई सहकार भारती की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्रीमति विनीता पांडेय सहकार भारती की जिला प्रमुख श्रीमती मानवी सिंह और रामकुमार जादौन ने नए विचार भवन में इसको लेकर प्रशिक्षण दिया है . कोरोना काल के चलते सुरक्षा का ध्यान रखते हुए विचार संस्था ने शिफ्टों में 15 लोगों को क्रमवार होकर दो दिवसीय कार्यक्रम मे 150 लोगों को प्रशिक्षण दिया है . कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कपिल मलैया ने बताया कि संस्था के मुख्य संगठक नितिन पटैरिया का इस योजना को लेकर विशेष सहयोग रहा है . इस अवसर पर राजेश सिंघई, श्रीयांश जैन, सुनीता अरिहंत, अखिलेश समैया, रामकृष्ण मिश्रा, डॉ प्रदीप पाठक, राकेश श्रीवास्तव, श्रीमति रश्मि कुशवाहा, यमुना पटैल, सौरभ रांधेलिया मोजूद रहे .

॥विचार संस्था॥
(स्थापना वर्ष 2003)

# निवेदन

आपसे निवेदन है कि अधिक से अधिक मात्रा में दान देकर इस मुहिम को आगे बढ़ाने में सहयोग करें।

दान राशि बैंक खाते में डालने हेतु जानकारी इस प्रकार है।

Bank a/c name- VicharSamiti

Bank- State Bank of India

Account No.- 37941791894

IFSC code- SBIN0000475

Paytm/ Phonepe/ Googlepay/ upi

आदि दान करने के लिए नीचे दिए गए

QR कोड को स्कैन करें.

BHIM UPI

VICHAR SAMITI

0980143132

Pay With Any App

G Pay Paytm PhonePe WhatsApp amazon

150+ Apps

Powered By: BharatPe

## - संपर्क -

Website : vicharsanstha.com

Facebook : Vichar Sanstha

Youtube : Vichar Samachar

Ph. No. : 9575737475, 9009780042

Address : 258/1, Tilakganj, Behind Adinath Cars Ltd, Sagar (M.P.) 470002